# संज्ञा

## व्यक्तिवाचक, जातिवाचक एवं भाववाचक संज्ञा

**संज्ञा**

**संसारे व्यक्तेः जातीनां, वस्तूनां, स्थानानां, भावानां च नामानि संज्ञा भवन्ति।**

अर्थात, किसी व्यक्ति, वस्तु स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **यथा -** | महात्मा गाँधी | मेघाः |
| | छात्रः | सौन्दर्यम् |

**संज्ञा के भेद**

संज्ञा के तीन भेद किए गए हैं:

**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा**

**2. जातिवाचक संज्ञा**

**3. भाववाचक संज्ञा**

**व्यक्तिवाचक संज्ञा**

किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का नाम व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाता है।

**जैसे:** राम: गच्छति।

स: अयोध्याया: आगच्छति।

महेन्द्र सिंह धोनी भारतक्रिकेटटीमस्य कप्तान: अस्ति।

आप देख सकते हैं, यहाँ राम:, अयोध्याया:, महेन्द्र सिंह धोनी व्यक्ति एवं स्थान के नाम हैं। इसलिए, यह व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाएंगे।

**जातिवाचक संज्ञा**

जिन संज्ञा पदों से आपको संपूर्ण जाति का पता चलता हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**यथा:** बालिका: गीतं गायन्ति।

यहाँ बालिका: से समस्त लड़कियों का पता चलता है। इसलिए यह पद जातिवाचक संज्ञा है।

निम्न उदाहरणों में भी आप जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग देख सकते हैं।

पुस्तकालये पुस्तकानि सन्ति।

छात्रा: विद्यालयं गच्छन्ति।

उद्याने पुष्पानि सन्ति।

अहं कलमेन लिखामि।

यहाँ **पुस्तकानि, छात्रा:, पुष्पानि, कलमेन** सभी जातिवाचक संज्ञा हैं।

**भाववाचक संज्ञा**

जिन संज्ञा पदों से पदार्थों या प्राणियों की मनोदशा एवं उनकी अवस्थाओं का पता चलता है, भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं।

**जैसे:** सीता: सौन्दर्यं रामम् आकृष्टं करोति।

हिमालयस्य विशालता सर्वें जना: मोह्यते।

उपरोक्त उदाहरणों में आप देख सकते हैं कि **सौन्दर्यम्** तथा **विशालता** पद कर्ता के भाव को प्रकट कर रहे हैं। अत: ये भाववाचक संज्ञा हैं।